No: UA/2019/93 **20.06.2019**

परिपत्र (Circular)

प्रति

सभी महासचिव
AUAB.

प्रिय कॉमरेड्स,

विषय- ***AUAB की कल दिनांक 19.06.2019 को मीटिंग सम्पन्न हुई। मीटिंग में निम्न कॉमरेड्स उपस्थित रहे।***

BSNLEU: Com. P. Abhimanyu, GS & Convenor & Com. Swapan Chakraborty, Dy. GS.
NFTE: Com. Chandeswar Singh, GS & Chairman & Com. Islam Ahmed, President & Com. Rajmouli,Treasurer.
SNEA: Com. Sebastin, GS.
AIBSNLEA: Com. Prahlad Rai, GS & Com. Sivakumar, President.
AIGETOA: Com. Shiv Kumar Pathak, AGS.
BSNL MS: Com. Suresh Kumar, GS.
BSNL ATM: Com. Rewati Prasad, AGS.
TEPU: Com. Rasheed Khan, AGS.

कॉम चंदेश्वर सिंह, चेयरमैन, AUAB, ने अध्यक्षता की। कॉम पी अभिमन्यु, कन्वेनर ने मीटिंग में चर्चा के लिए एजेंडा प्रस्तुत किया।

वर्तमान में BSNL में जारी तीव्र वित्तीय संकट के मुद्दे पर गंभीरता से चर्चा की गई। सभी सर्कल्स में बड़ी संख्या में इलेक्ट्रिक कनेक्शन का डिसकनेक्ट होना, कॉन्ट्रैक्टर्स और वेंडर्स के बिल का भुगतान न होना और कॉन्ट्रैक्ट वर्कर्स को वेजेस का भुगतान न होने की वजह से सेवा की गुणवत्ता प्रभावित हुई है। कॉर्पोरेट ऑफिस ने सभी कैपिटल एक्सपेंडिचर (CAPEX) पर प्रतिबंध लगा दिया है। इससे सेवाएं और ज्यादा प्रभावित होंगी और फलस्वरूप, कंपनी वर्तमान में जो भी आय अर्जित कर रही है उस पर भी प्रतिकूल प्रभाव होगा। कर्मचारियों का वेज बिल प्रतिमाह रु 1300 करोड़ है और अन्य खर्च प्रतिमाह रु 900 करोड़ है। जबकि कंपनी की मासिक आमदनी मात्र रु 1200 करोड़ है।

विस्तार से चर्चा पश्चात निम्न निर्णय लिए गए।

1. BSNL के वित्तीय रिवाइवल के लिए चर्चा हेतु शीघ्र मीटिंग की मांग करते हुए श्री रविशंकर प्रसाद, माननीय संचार और प्रौद्योगिकी मंत्री को पत्र लिखा जाए।
2. CAPEX पर प्रतिबंध लगाने हेतु लिखे गए पत्र को शीघ्र वापस लेने की मांग के साथ BSNL मैनेजमेंट को पत्र लिखा जाए।
3. मांग पत्र (चार्टर ऑफ डिमांड्स) में सभी वर्तमान (एग्जिस्टिंग) डिमांड्स प्रमुखता के साथ उल्लेखित की जाए। इसके साथ ही BSNL में व्याप्त वित्तीय संकट से निजात पाने हेतु तत्काल वित्तीय राहत और साथ ही BSNL के दीर्घ अवधि के इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट के लिए वित्तीय सहायता के मुद्दे को भी प्रमुखता से लिया जाए। इन सब मुद्दों का समावेश करते हुए एक मांग पत्र माननीय संचार और प्रौद्योगिकी मंत्री को दिया जाए।
4. FR 17A के अंतर्गत ब्रेक इन सर्विस करने के मुद्दे के निराकरण की मांग को ले कर CMD BSNL से यथाशीघ्र मीटिंग ली जाए।

कॉम चंदेश्वर सिंह
चेयरमैन, AUAB

कॉम पी अभिमन्यु
कन्वेनर, AUAB